बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

18 मार्च, 2025

[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - मध् निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग - पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन - समाज कल्याण - अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - परिवहन - विज्ञान , प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा - खेल - कला, संस्कृति और युवा].

कुल अल्पसूचित प्रश्न - 2

प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना।

10. **श्री विजय कुमार खेमका (62) (पूर्णिया)ः**

कला, संस्कृति और युवा

स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 23.01.2025 को प्रकाशित शीर्षक "कलाकारों के लिए राज्य में प्रशिक्षण केन्द्र खुले" के आलोक में क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिले सहित पूरे राज्य में रंगमंच एवं अन्य कला विधा से जुड़े कलाकारों का एक लंबा इतिहास रहा है, परंतु राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप एक भी प्रशिक्षण केन्द्र नहीं रहने तथा चिकित्सा हेतु चिकित्सा बीमा एवं पेंशन की सुविधा नहीं होने के कारण यहाँ के कलाकारों को कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार कलाकारों के हित में राज्य में कबतक एक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करते हुए उनके लिए चिकित्सा बीमा एवं पेंशन लागू करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति।

11. **श्री अरूण शंकर प्रसाद (33) (खजौली):**

शिक्षा :-

स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-15.02.2025 को प्रकाशित शीर्षक "एक तिहाई शिक्षकेत्तर कर्मियों के भरोसे विश्वविद्यालय और महाविद्यालय" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि राज्य के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मियों की कुल स्वीकृत पद 16000 के विरूद्ध मात्र 5700 कर्मी ही कार्यरत हैं तथा तेज गति से कर्मियों की सेवानिवृति भी हो रही है;

2.क्या यह बात सही है कि शिक्षकेत्तर कर्मियों के कमी के कारण कार्यालयों में समय से कार्यों के निष्पादन में काफी समस्या आ रही है;

3.यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रिक्त पदों पर शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति करने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों ?